कार्यालय, नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश, भोपाल

होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल पिन - 462011
Tel. 0755-2551017 Fax- 0755-2768638 Email-cwmbho@mp.nic.in

क्र0 2876 /नातौ/ब-1(3)/15 भोपाल दिनांक : 30 / 05/2015

प्रति,

समस्त निरीक्षक
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्यप्रदेश

विषय :- नवीन पदस्थापना स्थान पर सत्यापन प्रमाण - पत्र, मनी रसीद, एवं अपराध प्रकरण संबंधी जप्ती मेमों/पंचनामा के उपयोग के संबंध में ।

--००--

विषयांतर्गत लेख है कि वरिष्ठ कार्यालय के संज्ञान में आया है कि कुछ निरीक्षकों द्वारा वर्तमान में पदस्थापना/ कार्य प्रभार बदलने पर कार्यालयीन उपयोग में आने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे सत्यापन प्रमाण - पत्र, मनी रसीद एवं अपराध प्रकरण संबंधी जप्ती मेमों/पंचनामा अपने साथ ले जाते है जो कि एक गंभीर अनियमितता का कृत्य है ।

अतः इस संबंध में निर्देश दिये जाते है कि स्थानांतरण / पदस्थापना/ कार्य भार परिवर्तन की दशा में निरीक्षक पूर्व प्रभार के सत्यापन प्रमाण - पत्र, मनी रसीद एवं अपराध प्रकरण संबंधी जप्ती मेमों/पंचनामा, अपराध पंजी का उपयोग कर रहे थे वे उन्हें कार्यालय में ही रखेंगे एवं निरीक्षक जो कार्यभार प्राप्त कर रहे है उन्हें आवश्यक रूप से सौंपेंगे एवं साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखेंगे कि निरीक्षक नवीन पदस्थापना स्थान पर संबंधित उप/सहायक नियंत्रक की अनुमति के बगैर नवीन सत्यापन प्रमाण - पत्र, मनी रसीद, एवं अपराध प्रकरण संबंधी जप्तीमेमों/पंचनामा का उपयोग नहीं करेंगे । यदि निरीक्षक बिना कार्यभार सौंपें बगैर अवकाश पर / कार्य पर अनुपस्थित रहते है तो ऐसी स्थिति में पंचनामा तैयार कर अलमारी का ताला तुड़वाकर अभिलेख प्रभार में एक तरफा प्राप्त किये जावें तथा अभिलेख एवं अन्य महत्वपूर्ण उपकरण आदि उपलब्ध न होनें की दशा में संबंधित निरीक्षक के विरूद्ध उप/सहायक नियंत्रक से अनुमति प्राप्त कर F.I.R. दर्ज करने की कार्यवाही की जावे ।

निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करें ।

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप-तौल(विधिक मापविज्ञान)
म.प्र. भोपाल

पृ0क्र0 /नातौं/ब-1(3)/15 भोपाल दिनांक : / /2015

प्रतिलिपि :-

समस्त उप / सहायक नियंत्रक नाप-तौल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

नियंत्रक
नाप-तौल(विधिक मापविज्ञान)
म.प्र. भोपाल